2. शिक्षा सहायता केंद्र (लर्निंग असिस्टेंस सैंटर: एल ए सी) या संसाधन शिक्षक (रिसोर्स टीचर: आर टी)

- यह इस प्रकार के अध्यापक हैं जो उन सभी छात्रों, जिन्हें सीखने में कठिनाई आ रही है, को सहायता प्रदान करने में प्रशिक्षित होते हैं।
- ऐसे विशेष ज़रूरतों वाले विद्यार्थी जिन्हें खास किस्म की शिक्षा की जरूरत होती है और जिनके लिए विशेष तरह का पाठ्यक्रम बनाया जाता है, उनके साथ भी यह अध्यापक काम करते हैं।
- कुछ अध्यापक ई एस एल शिक्षार्थियों के साथ पहले से चले हुए भाषा विकास कार्य में सहायता प्रदान कर सकते हैं।

गैर-शिक्षक स्कूल में आधारित सहायता स्टाफ :

ये स्टाफ विशेष रूप से प्रशिक्षित होते हैं जो छात्रों को विशेष सहायता प्रदान करते हैं।

1. विशेष शिक्षा मददगार (स्पैशल एजुकेशन असिस्टंट: एस ई ए)

- एस ई ए इस प्रकार के छात्र, जिन्हें विशेष ध्यान और समर्थन की जरूरत है, के साथ काम करने के लिए प्रशिक्षित होते हैं।
- छात्रों की मदद करने के लिए वे शिक्षकों के साथ उनके निर्देशन में काम करते हैं।
- वे अक्सर उन छात्रों के साथ काम करते हैं जिनकी समस्याएँ ज्यादा गंभीर हैं।

2. युवा और परिवार वर्कर (यूथ एंड फैमली वर्कर: वाए ऍफ़ डब्ल्यू)

- यूथ एंड फैमली वर्कर छात्रों की सामाजिक और भावनात्मक जरूरतों के लिए सहायता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित होते हैं।
- वे आम तौर पर कक्षा के बाहर छात्रों और परिवारों के साथ काम करते हैं।
- वे छात्रों और परिवारों को सीधे मदद देने के अतिरिक्त स्कूल, स्कूल-समुदाय और बाहर की संस्थाओं के साथ भी संपर्क स्थापित करते हैं।

VSB

"Who are the People in Your Child's School?"

Elementary

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada BRITISH COLUMBIA WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

आपके बच्चे के स्कूल में कौन से कर्मचारी होते हैं? उनके उत्तरदायित्व क्या क्या हैं?

प्राथमिक

आपके बच्चे के स्कूल के कर्मचारी

कक्षा अध्यापक आपके बच्चे के स्कूल में कई अन्य लोगों के साथ काम करते हैं। वे यह सुनिश्चित करते हैं कि आपके बच्चे के साथ-साथ स्कूल में सभी बच्चों को एक ऐसा सुरक्षित और अनुकूल वातावरण प्राप्त हो जिसमें वे अपनी क्षमता और योग्यता को विकसित कर सकें।

स्कूल में आपके बच्चे को सहायता प्रदान करने वाले व्यक्ति विभिन्न प्रकार के होंगे।

प्रशासन:

स्कूल प्रधानाचार्य और / या उप प्रधानाचार्य स्कूल के प्रशासक होते हैं ।
उन्हें प्रशासनिक अधिकारी या ए ओ बुलाया जा सकता है।

वे निम्न लिखित जिम्मेदारियां निभाते हैं:
- प्रत्येक छात्र का स्वास्थ्य और सुरक्षा;
- यह सुनिश्चित करना कि ब्रिटिश कोलंबिया स्कूल अधिनियम * के दिशा निर्देशों का पालन हो रहा है;
- स्कूल के संचालन और प्रक्रियाओं की स्थापना;
- स्कूल की योजनाओं को लागू करने के लिए कर्मचारियों के साथ मिल कर काम करना, और
- स्कूल के फैसलों में माता पिता की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन के साथ भेंट करना।

प्रशासनिक सहायक:

सचिव(सेक्रेटेरी) या प्रशासनिक सहायक प्रशासकों के साथ काम करते हैं।
वे निम्न लिखित जिम्मेदारियां निभाते हैं:
- कागज़ी कार्यवाही।
- स्कूल का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासकों की मदद;
- फोन और डाक से निपटना;
- यदि उनका बच्चा बीमार है या उसे पहुँचाने या ले जाने की जरूरत है तो माता - पिता को बुला भेजना, और
- यदि आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा की स्थितियां उत्पन्न हो जाएं तो उनको संभालना।

*** ब्रिटिश कोलंबिया स्कूल अधिनियम के शीर्षक वाला ब्रोशर देखें।**

लाइब्रेरियन (पुस्तकाध्यक्ष):

स्कूलों में एक लाइब्रेरियन जो शिक्षक भी है, होता है। हालांकि, प्रत्येक स्कूल में पूर्ण समय के लिए पुस्तकालय में नियुक्त लाइब्रेरियन नहीं होगा। इस वजह से, पुस्तकालय स्कूल दिवस या सप्ताह के कुछ हिस्सों के दौरान बंद रह सकता है।
कुछ जिम्मेदारियां इस प्रकार से हैं:
- उन छात्रों की सहायता जो लायब्रेरी में कक्षा के कार्य पूरे करने के लिए आते हैं;
- पाठ्यक्रम का शिक्षण या कक्षा के शिक्षकों के साथ सह - शिक्षण;
- उन छात्रों की सहायता जो मनोरंजन और शैक्षिक पढ़ाई की सामग्री खोज रहे हैं; और
- पुस्तकालय के सामग्री संग्रह की देखरेख और वृद्धि।

स्कूल आधारित शिक्षण स्टाफ:

आपके बच्चे के कक्षा अध्यापक के अलावा, विशेष रूप से प्रशिक्षित शिक्षक भी होते हैं जो बच्चों को सहायता प्रदान करते हैं।

1. अंग्रेजी एक द्वितीय भाषा (ई एस एल) या संसाधन शिक्षक (आर टी) के रूप में

- वे छात्र जिनकी प्रथम भाषा अंग्रेजी नहीं है के साथ काम करने के लिए यह अध्यापक प्रशिक्षित होते हैं।
- वे कक्षा में या छोटे-छोटे समूहों में ई एस एल शिक्षार्थियों को सहायता प्रदान करते हैं।